हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
तीन माह से जल जीवन मिशन का आठ ठेकेदारों ने काम किया ठप, मिलेगा नोटिस



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 7 को

**कोरबा।** कोरबा योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 7 दिसंबर को महिलाओं के लिए जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित गीतांजली भवन में होने वाली इस प्रतियोगिता की तैयारियाँ जोरों पर हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योगासन खेल को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा। इसमें विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं के लिए अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, 14 से 17 वर्ष, 18 से 24 वर्ष, 25 से 35 वर्ष तथा 36 से 45 वर्ष तक। सभी आयु वर्ग की प्रतिभागियों को मंच पर अपने योग कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

**कोरबा।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें कुल 9 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस हेतु परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके।

### गणना पत्रक जमा नहीं करने वालों की सूची होगी प्रकाशित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं, जिसकी प्रति संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की गई है, का पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्देशानुसार ऐसे सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के विधिवत भरे हुए गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें अब उन मतदाताओं की सूची तैयार करनी होगी जिनके गणना पत्रक विभिन्न कारणों से एकत्र नहीं हो पाए हैं। इस सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट एवं मृतमतदाताओं को एएसडी सूची में चिन्हित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तैयार की गई यह सूची संबंधित मतदान केंद्रों तथा ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी ताकि ऐसे सभी मतदाता जिन्हें गणना पत्रक जमा करने में असुविधा हुई है, वे पुनः गणना पत्रक जमा कर सकें। साथ ही यह सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ अनिवार्य रूप से साझा की जाएगी, ताकि वे प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए मतदाताओं की जानकारी रख सकें। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रारूप मतदाता सूची में केवल वही नाम शामिल किए जाएंगे जिनके विधिवत भरे गए गणना प्रपत्र बीएलओ को प्राप्त हुए हैं।

# विभाग को बिना सूचना दिए प्राचार्य छात्रों को नहीं ले जा सकेंगे भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक ले जाने के लिए शिक्षा विभाग से अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। पूर्व में भी बिना अनुमति के छात्रों को भ्रमण में ले जाने के मामले में कार्यवाही की गई थी। इस वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को विभाग ने अनुमति लेने का निर्देश जारी किया है। विभाग से अब तक 8 स्कूलों ने ही अनुमति ली है।

ठण्ड का मौसम आते ही शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शैक्षणिक भ्रमण की रुपरेखा तैयार होने लगती है। वर्तमान में स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान कहीं बाल मेला आयोजित किया जा रहा है तो कहीं विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसके अलावा कुछ बड़े स्कूलों के द्वारा पिकनिक पर भी छात्रों को ले जाया जा रहा है। जिनके द्वारा स्कूल की बसों या फिर निजी वाहनों को किराये पर लिया जाता है। शनिवार या रविवार का दिन ही ऐसे कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 3 पर

## स्थल के नाम के साथ शिक्षा अधिकारी से लेनी होगी अनुमति

पिकनिक का मौसम होने के कारण स्कूलों में हो रही है तैयारियां




### बिना अनुमति नहीं ले सकेंगे

कोई भी शासकीय एवं अशासकीय स्कूल छात्रों को पर्यटन स्थल के भ्रमण, शैक्षणिक भ्रमण या पिकनिक के लिए शिक्षा विभाग के बिना अनुमति नहीं ले जा सकेंगे। सभी संस्था प्रमुख को विभाग से अनुमति लेने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अब तक 8 स्कूलों को अनुमति दी जा चुकी है।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

### 8 स्कूलों ने ली अनुमति

शिक्षा विभाग के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक पर जाने के लिए 8 स्कूलों को अनुमति दी गई है जो नवंबर महीने में अपने स्कूल के छात्रों को जिले के ही पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थलों पर भ्रमण के लिए ले गए थे। सतरेंगा से लेकर बुका, झोराघाट जाने वालों की संख्या ज्यादा रही है। अनुमति जिला स्तर भ्रमण के लिए ही जारी की जा रही है। पर्यटन एवं पिकनिक स्पॉट पर अवकाश के दिनों में निजी स्कूलों के द्वारा छात्रों को पिकनिक पर ले जाया जा रहा है।

## जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में तैयारी की गई शुरु

# बाघ सहित वन्य प्राणियों की इस बार एम स्ट्राइप एप के माध्यम से होगी गणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का जंगल पहले ही वन्य प्राणियों के लिए बेहतर रहवास माना जाता है। इसके अलावा अचानकमार टाईगर रिजर्व व पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के कान्हा किसली व बांधवगढ़ से भी बाघों का आना जाना जिले के जंगल में शुरु हो चुका है जो वन्य प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है जो बाघ के साथ साथ अन्य वन्य प्राणियों के लिए जंगल में गिनती के लिए तैयारी शुरु कर दी है। जहां ट्रैप कैमरे के अलावा जंगल में वन विभाग की टीम पहुंचेगी और इनकी गणना करेगी। इसके लिए बकायदा वनकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा व कटघोरा वन मंडल में विभिन्न तरह के वन्य प्राणियों का बसेरा है। पिछले कुछ वर्षों से देखने को आ रहा है कि अचानकमार टाईगर रिजर्व व पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के कान्हाकिसली और बांधवगढ़ से बाघ चहल कदमी करते हुए कटघोरा और कोरबा के जंगल में अपनी दस्तक दे चुके हैं। कई बार बाघ कटघोरा के जंगल में कई दिनों तक डेरा भी जमा चुके हैं अब बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों की गणना की जानी है। जिसके लिए विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। बताया जाता है कि डेढ़ महीनों तक वन्य प्राणियों की गणना की जानी है जिसमें वन विभाग द्वारा इस बार ट्रैप कैमरा के साथ एम स्ट्राइप एप का उपयोग कर पेपर लेस गणना की जाएगी। बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों की गणना तीन चरणों में किया जाएगा। इसके लिए कटघोरा व कोरबा वन मंडल में मास्टर ट्रेनर द्वारा स्थानीय अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कोरबा वन मंडल में स्थानीय अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। आने वाले दो तीन दिनों में सभी रेंज में गणना प्रारंभ की जाएगी। पहले तीन दिन मांसाहारी और बाद के 3 दिन शाकाहारी वन्यप्राणियों की गणना की जाएगी। पहले तीन दिनों में बाघ, तेंदुआ, जंगली डॉग सहित अन्य मांसाहारी जानवरों की गिनती होगी। वहीं, बाद के तीन दिनों में बारहसिंघा, सांभर, चीतल, नीलगाय, बायसन, जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीवों की गिनती की जाएगी।

### खास बात

- दिसंबर से जनवरी तक चलेगी गणना




वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को गणना का प्रशिक्षण देते।

### तीन चरणों में होगी गणना

जिले के जंगल में बाघ सहित वन्य प्राणियों की गणना तीन चरणों में की जाएगी। कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 1 दिसंबर से 12 जनवरी तक गणना की जानी है इसके लिए अलग अलग गाइडलाइन जारी किए गए हैं। जिसके आधार पर जंगल में सर्वे व गणना किया जाएगा।

-कुमार निशंत, वनमंडलाधिकारी कोरबा

### पांच किलोमीटर का ट्रैक होगा तैयार

कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि तीन चरणों में वन्य प्राणियों की गणना की जाएगी जिसमें 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक पहला चरण, 15 से 22 दिसंबर तक दूसरा चरण व 5 से 12 जनवरी तक तीसरा चरण किया जाएगा। इस गणना में अधिकारी कर्मचारियों को पहले तीन दिन मांसाहारी पशुओं की पहचान पदचिन्ह या निशान या मलमूत्र की पहचान करनी है जिसके लिए प्रत्येक बीट में 5-5 किमी का ट्रैक तैयार किया जाएगा और इसी ट्रैक में ही बीट गार्ड पैदलवाक कर वन्य प्राणियों की गणना करेंगे जबकि दूसरे चरण के तीन दिनों में दो किमी का ट्रांजेट लाइन तैयार किया जाएगा। जिसमें शाखाहारी जानवरों की पहचान जंगल की रुपरेखा व उन इलाकों में किस तरह की पेड़ पौधों की उपस्थिति है इसका सर्वे किया जाएगा जबकि सातवें दिन पक्षियों की गणना की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया दिसंबर से जनवरी तक पूरी की जानी है। जिसके उपरांत रिपोर्ट नेशनल टाईगर कन्जर्वेशन ऑथारिटी को सौंपी जाएगी।

# हत्यारों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए की अर्थदंड दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा ने जानकारी देते हुए बताया कि पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपरिया निवासी राधिका सिंह उम्र 37 वर्ष पिता नोहरसाय गोड़ को कबाडी चोरी कर पैसा आपस में बांटते समय उसके ही साथियों से कहासुनी हो गई थी और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया था कि उसके साथियोंने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके लाश को जंगल में ठीकाना लगा दिया था। हत्या के इस मामले में पुलिस ने पसान थाना क्षेत्र के ग्राम कोलगार निवासी रोमलाल गोड उर्फ पतलु पिता नान सिंह गोड उम्र 30 वर्ष, सुखनाथ सिंह उर्फ धुकुड़ गोड पित्ता बलराम सिंह, जय 28 वर्ष एवं आधार सिंह गोड पिता मंगल सिंह उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा न्यायालय श्री एचके रात्रे के न्यायालय ने सभी आरोपियों को आजीवन सश्रम करावास एवं 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने पैरवी की है।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात वाहन ने अधेड़ व्यक्ति को चपेट में ले लिया था जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। स्थानीय राहगिरों की मदद से जख्मी अधेड़ व्यक्ति को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक की पहचान नहीं होने की वजह से उसके शव को मरच्युरी में सुरक्षार्थ रखवाया गया है और पहचान के लिए पुलिस प्रयास में जुटी हुई है। शिनाख्ती के कार्यवाही के बाद वैधानिक कार्यवाही के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द करेगी। हादसा कैसे और किन परिस्थिति में हुआ है स्पष्ट नहीं हो पाया है।



मृतक

# सीआईएसएफ जवान के सूने मकान में चोरों का धावा, नगदी सहित हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सीआईएसएफ का जवान विगत दिनों रात्रि पाली की ड्यूटी पर गया हुआ था। इस दौरान उसके सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने नगदी रकम सहित हजारों का माल पार कर दिया है। जवान की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर मकान नंबर बी/102 में सीआईएसएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ रत्नेश्वर मिश्रा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 नवंबर की रात वह अपने घर में तालाबंद कर रात्रि पाली की ड्यूटी में गेवरा खदान गया हुआ था। जब अगले दिन सुबह वापस लौटा तो उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरे हुए थे। चोरों ने उसके घर से 17 हजार रुपए नगद, सोने चांदी के जेवरात सहित हजारों का माल पार कर दिया है। आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### हाईड्रोलिक पावर मशीन की चोरी, मामला दर्ज

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिलगा निवासी पुष्पेंद्र केंवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह भारत माला रोड निर्माण स्थल पर निवास करता है और वहीं काम करता है। 29 नवंबर की रात वह खाना खाकर सो गया था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने कास्टिंग यार्ड से हाइड्रोलिक पावर पैक 5एचपी मशीन को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# एफजीडी नियम में ढील से बिजली की लागत में 20 से 30 पैसे प्रति यूनिट की आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए सल्फर उत्सर्जन नियमों में ढील दी गई है। इस कदम का उद्देश्य बिजली की लागत में 25-30 पैसे प्रति यूनिट की कमी करना है। अधिकांश संयंत्र अब अनिवार्य उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों से मुक्त हैं। यह निर्णय उन अध्ययनों के बाद लिया गया है जिनमें सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर कम दिखाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह लक्षित दृष्टिकोण लागत, जलवायु और अनुपालन में संतुलन स्थापित करता है। इन ढील वाले मानदंडों से उपभोक्ताओं को लाभ होने की उम्मीद है।

अधिकांश कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए सल्फर उत्सर्जन नियमों में ढील देने का सरकार का कदम लागत, जलवायु और अनुपालन के बीच एक नाजुक संतुलन बनाता है, और इससे बिजली की लागत में 25-30 पैसे प्रति यूनिट की कमी आने की उम्मीद है। सरकार ने बिजली संयंत्रों के निकास गैसों से सल्फर हटाने वाली फ्लू-गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणालियां स्थापित करने के 2015 के आदेश को केवल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित संयंत्रों तक सीमित कर दिया है। गंभीर रूप से प्रदूषित क्षेत्रों या गैर-प्राप्ति शहरों में स्थित संयंत्रों का मूल्यांकन मामला-दर-मामला आधार पर किया जाएगा, जबकि अन्य सभी संयंत्र जो भारत की ताप विद्युत क्षमता का लगभग 79 प्रतिशत हिस्सा हैं अनिवार्य एफजीडी स्थापना से मुक्त हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए विस्तृत विश्लेषण के बाद लिया गया है, जिसमें पाया गया कि मौजूदा नियंत्रण उपायों के कारण कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वृद्धि हुई है। उद्योग अधिकारियों ने कहा कि इससे शहरी आबादी से निकटता और उपयोग किए जाने वाले कोयले में सल्फर की मात्रा के आधार पर अलग-अलग अनुपालन सुनिश्चित होगा। ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बात

- संयंत्र प्रबंधन के साथ आम उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

## स्कूलों से दूर होगी पेयजल की समस्या, डीईओ से सूची मंगाई गई

# पीएम आवास के नाम पर पैसा मांगने पर होगी एफआईआर : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति तथा राजस्व एवं जनकल्याण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्यों की पूर्ति तथा पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आवास समय-सीमा के भीतर पूर्ण हों। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हितग्राही से आवास स्वीकृति या निर्माण के नाम पर राशि मांगने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को पीएम आवास हितग्राहियों की शिकायतें नियमित रूप से सुनने के निर्देश देते हुए नागरिकों से अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति योजना के नाम पर धन की मांग करता है, तो इसकी सूचना जिला पंचायत सीईओ अथवा एसडीएम को दें। कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने असंग्रहित गणना पत्रकों के मामलों में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर दावा-आपत्ति प्राप्त करने तथा जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं वार्ड कार्यालय जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सूचियां चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआईसी वेबसाइट पर सूची अपलोड करने तथा एक सप्ताह के भीतर डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाने पर जोर दिया। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जाँच नाकों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता के साथ अवैध धान परिवहन रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों पर एसडीएम, तहसीलदार सहित निरीक्षण दलों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ⏭ शेष पेज 3 पर



बैठक लेते कलेक्टर एवं उपस्थित अधिकारी।

### इलेक्ट्रिक बाइक में लगी आग

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बस्ती के गौरीशंकर मंदिर के समीप सोमवार की देर रात घर में रखी इलेक्ट्रिक बाइक में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगते ही घर के लोग सख्ते में आ गये और आनन फानन में घर के सदस्यों ने किसी तरह आग पर काबू किया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पत्नी ने की खुदकुशी पति-महिला पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से त्रस्त महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पति व एक महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि 10 नवंबर को एनी कालोनी निवासी पूर्णिमा राजपूत पति राजेन्द्र राजपूत ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन ने पति राजेन्द्र राजपूत व उसकी परिचित सुषमा कौशिक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जांच में खुलासा हुआ कि मृतका की 11 साल पहले राजेन्द्र राजपूत से शादी हुई थी। शादी के बाद से उसका पति प्रताड़ित कर रहा था और उसका सुषमा कौशिक से अवैध संबंध था। महिला सुषमा कौशिक कई बार घर भी पहुंच गई थी और पूर्णिमा राजपूत को घर से निकल जाने की धमकी देती थी। पुलिस ने जांच के बाद पति राजेन्द्र राजपूत, सुषमा कौशिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्र को कुत्ते ने काटा मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** स्कूटी से घर जा रहे छात्र को पड़ोसी के पालतु कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मसानगंज काली मंदिर निवासी तुषार मिश्रा पिता स्व. आदर्श मिश्रा बीजेएमसी की पढ़ाई कर रहे है। 1 दिसंबर की रात 10.30 बजे वह अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। घर के पास पड़ोसी ऋचा तिवारी के पालतु कुत्ते ने तुषार के दाहिना पैर के जांघ को काटकर जख्मी कर दिया है। इसके पूर्व उनकी बहन कनिष्का मिश्रा को उक्त पालतु कुत्ते ने काटकर जख्मी किया था। उस दौरान शिकायत करने पर श्रीमती तिवारी ने माफी मांग ली थी, जिससे वह रिपोर्ट नहीं लिखाया था। इसके बाद भी पालतु कुत्ते को खुला छोड़ दिया जा रहा है। पुलिस ने अब शिकायत के आधार पर कुत्ता मालिक ऋचा तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार का दरवाजा खोलने से वकील घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सकरी सैदा निवासी वकील विवेक दुबे पिता चितगोविंद दुबे 1 दिसंबर की शाम 4.45 बजे जिला न्यायालय से घर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान खड़ी कार क्रमांक सीजी 10 बीव्ही, 4590 के चालक ने लापरवाही पूर्वक दरवाजा खोल दिया। जिससे उनके हाथ, पैर में चोट आई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मामूली विवाद पर छात्र पर चाकू से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जशपुर बागबहार मांकर चुवां निवासी सनत कुमार भगत पिता रामदेव भगत दयालबंद नारियलकोठी में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है। 30 नवंबर की शाम 5.30 बजे वह किराना दुकान से मच्छर अगरबत्ती खरीदकर मोबाइल में बात करते रूम जा रहे थे। शुलभ शौचालय के पास चप्पू सोनकर ने उन्हें उपर जाकर बात करने कहा। उन्होने उसके साथी को समझाने को कहा तो चप्पू सोनकर आवेश में आकर गाली गलौज करते हुए बड़ा दादा बनता है कहते हुए पीछे से चाकू से जांघ पर हमला कर दिया। उसके बाद जान से मार देने की धमकी देते हुए चला गया था। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सब्जी व्यापारी परेशान** | मंगलवार की शाम निगम की टीम ने मुश्किल से पंचनामा किया और रिपोर्ट तैयार की

# जहां अभी है वहीं बनेगा बृहस्पति बाजार का मल्टी लेवल सब्जी बाजार, सर्वे के दौरान हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार में बनीं 32 पक्की दुकानों का मंगलवार को सर्वे किया गया। इस दौरान स्थानीय सब्जी व्यापारियां ने निगम टीम का घेराव कर दिया। इससे हंगामा मच गया।

निगम की टीम ने मुश्किल से पंचनामा किया और रिपोर्ट तैयार की। कहा जा रहा है कि अब इसी जगह पर निगम द्वारा नया सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा। इससे पहले इन दुकानों को तोड़ने के साथ ही चबुतरों को भी हटाया जाएगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि सब्जी व्यापारियों की शिफ्टिंग कहां होगी। इससे पहले की कवायद में मिशन स्कूल का मैदान तय किया गया


बृहस्पति बाजार में नापजोख करती निगम की टीम।

था लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी।

ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। इसलिए योजना पर आगे काम नहीं बढ़ सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम मंगलवार की शाम बृहस्पति बाजार पहुंची और दुकानों का सर्वे करना शुरू किया। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई।

### 450 चबूतरे और 32 गोदामनुमा दुकानें

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है।ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके बाद लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया।

### इस तरह का बनाया गया है पूरा प्रोजेक्ट

निगम ने जो योजना बनाई है उसके तहत इस मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था होनी है। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह बनाया जाना है। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें बनाई जानी है। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा भी है। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम बनना है। पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने हैं जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना थी।

थाना सामने धरना देकर की जमकर नारेबाजी

# एफआईआर के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, थाने का घेराव कर किया हंगामा


सिविल लाइन थाने में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान खरीदी में अव्यवस्था, जर्जर सड़क, बिजली बिल में बढ़ोतरी और रजिस्ट्री फीस में बेतहाशा वृद्धि जैसे पांच सूत्रीय मांग को लेकर तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय की अगुवाई में कलेक्टोरेट का घेराव हल्लाबोल आंदोलन किया गया था। आंदोलन दौरान मुख्यमंत्री के पोस्टर साथ बदसलूकी का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सिविल लाइन थाना में दोनों अध्यक्षों के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी। इसपर सिविल लाइन पुलिस ने अध्यक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया, जिसके विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने सिविल लाइन का घेराव कर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया था।

कांग्रेसजन पहले कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन थाना पहुंचे और बाहर एक तरफ की सड़कजाम कर धरना में बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजन राज्य की भाजपा सरकार पर जनहित के मुद्दों के आंदोलन को कुचलने और जनता का ध्यान भटकाने तथ्सस बदले की भावना से राजनीति करने का आरोप लगाए। पुलिस को जरिया बनाकर शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद भी मुख्यमंत्री के पोस्टर के बहाने एफआईआर दर्ज करा दी गई। उनका कहना था कि वास्वतिक मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। इसलिए युवा मोर्चा को सामने लाकर इस तरह की दूषित राजनीति खेली गई और एफआईआर कराया गया। एफआईआर के पीछे आगे आने वाले दिनों में कांग्रेस की ओर से होने वाले प्रभावी आंदोलनों को कुचलने का खेल खेला गया है। कांग्रेस के विरोध रैली को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सिविल लाइन थाने को छावनी में तब्दील कर दिया था। थाना परिसर के भीतर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस के अफसर और जवान तैनात थे।

### कांग्रेस के दोनों पूर्व अध्यक्षों ने दी गिरफ्तारी

पुलिस अफसरों की पहल पर तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडेय सिविल लाइन थाना में अपनी गिरफ्तारी दी। पूर्व में नगर निगम के घेराव के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू व पार्षद श्रीमती गायत्री साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था इसलिए आज उन्होंने भी गिरफ्तारी दी है। इस दौरान शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, तत्कालीन ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सियाराम कौशिक, पूर्व महापौर रामशरण यादव,राजेन्द्र साहू,पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, प्रदेश महामंत्री देवेंन्द्र सिंह,स्वप्निल शुक्ला,नेता प्रतिपक्ष भरत देवांगन आदि उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने बाजे गाजे के साथ किया प्रदर्शन



एनएसयूआई ने अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी गेट के सामने नुक्कड़ सभा और गाजे-बाजे के साथ विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ता हाथ में आइना लेकर यूनिवर्सिटी व उच्च शिक्षा विभाग को आइना दिखाए। बाद में रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम ने आकर उनकी बात सुनी उसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। अटल यूनिवर्सिटी में अनियमितताओं और दीक्षांत समारोह के नाम पर लाखों रुपए के दुरुपयोग को लेकर एनएसयूआई ने आज यूनिवर्सिटी गेट के सामने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ और नुक्कड़ सभा आयोजित कर हाथों में आइना लेकर यूनिवर्सिटी, उच्च शिक्षा विभाग को आइना दिखाए। एनएसयूआई का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन दीक्षांत समारोह में मनमानी कर भंडार क्रय नियमों की खुली अवहेलना कर रहा है। स्थाई रजिस्ट्रार नियुक्ति के बाद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर मनमर्जी से कार्य किए जा रहे हैं। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह का कहना है कि दीक्षांत समारोह के लिए पहले बिना निविदा प्रकाशित किए टेंडर जारी कर दिया गया और बाद में निविदा प्रकाशित की गई। इतना ही नहीं टेंडर की अंतिम तिथि समाप्त होने के पहले ही डोम लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम बाहर आकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से बात किए और यूनिवर्सिटी में पारदर्शिता का पालन करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, करन यादव, राजा खान, ओमप्रकाश, पंकज, विशु, अंशु, हरदेव, सुदामा, गौकरण, भूमिका राज, अक्षय त्रिपाठी, सुमित कुमार, शशांक भार्गव, अभिजीत साहू आदि शामिल थे।

### रनिंग स्टाफ का 48 घंटे का उपवास शुरू, दिया धरना



आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल दुर्घटनाओं की निष्पक्ष जांच के साथ अन्य मांगों को लेकर 48 घंटे का उपवास और जोन मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया, जिसमें जोन के तीनों डिवीजन के रनिंग स्टाफ बड़ी संख्या में शामिल हुए। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केन्द्रीय समिति के आव्हान पर लोको रनिंग स्टाफ ने मंगलवार से विभिन्न मांगों को लेकर 48 घंटे का उपवास शुरु कर दिया है। रनिंग स्टाफ का यह आंदोलन सभी जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन सहित सभी क्रू लॉबी के सामने चल रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सभी क्रू लॉबियों सहित रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने मुख्यालय में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में रनिंग स्टाफ धरने पर बैठे हैं। जोनल महासचिव वीके तिवारी का कहना है कि एसईसीएल प्रतिवर्ष लदान लक्ष्य के नए कीर्तिमान अर्जित करता है। इसके बावजूद जोन में लोकों रनिंग स्टाफ के 4541 पद खाली पड़े हैं, जिससे अत्यधिक कार्य घंटे ड्यूटी करना पड़ता है। समय पर विश्राम और अवकाश भी नहीं मिल रहा है, जिससे चालक, परिचालकों के स्वास्थ्य, परिवार व सामाजिक उत्तरदायिक्तवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रनिंग स्टाफ के वेतन भत्तों में भी अप्रत्याशित कटौती की जा रही है। एक तरफ जहां 50 फीसदी महंगाई भत्ता होने से सभी केन्द्रीय कर्मचारी-अधिकारियों के भत्तों में 1 जनवरी 2024 से 25 फीसदी वृद्धि की गई है।

## 221 करोड़ में 116 किमी की सड़कों का बिछेगा जाल, 8 जगहों का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आठ सड़कों के टेंडर हुए, शेष के प्रक्रिया में

शहर के भीतर व चारों ओर जल्द ही नई सड़कों का जाल बिछाया जाने वाला है। इसके अंतर्गत 18 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया जारी है, वहीं आठ सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। दो सड़कों की तकनीकी स्वीकृति ली जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा 221 करोड़ की लागत से करीब 116 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

खस्ताहाल सड़कों से आवागमन करके परेशान हो चुके लोगों को जल्द ही नई सड़कें मिलेंगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस साल के बजट में शासन द्वारा स्वीकृत 18 नई सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इनमें से कुछ सड़कों का टेंडर किया जा चुका है, वहीं कुछ प्रक्रिया में हैं। शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में नेहरू चौक से दर्रीघाट, हिर्री-धुमा-सिलपहरी, सिरगिट्टी-दगौरी-पासिद, झाल से नगपुरा, तारबाहर से नगपुरा, बिल्हा से एफसीआई गोडाऊन, दगौरी से मोहतरा, कर्मा-बरभाठा-सरगाढोढी, सीपत से भाड़ी पहुंच मार्ग, भदरापारा से बरभांठा, गोंदईया से कलमीटांड़, बहतरा से आमाकोनी, सोन से सोनसरी, बिनौरी से हरदी शामिल किया गया है। इन सभी सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। वर्ष 2016 में स्वीकृत सीपत से बिलासपुर जयरामनगर बाईपास का निर्माण भी इस साल किया जाना है। इस मार्ग में मुआवजा के पंद्रह प्रकरण शेष थे, जो सुलझा लिए गए हैं। ऐसे में अब 40 करोड़ की लागत से दस किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण भी किया जा सकेगा।

### इन सड़कों का निर्माण शुरू

शहर के भीतर गांधी चौक से तारबाहर के बीच सड़क निर्माण एवं रोड डिवाईडर लगाने का काम प्रगति पर है। इसी तरह चकरभाठा से हिर्री, हिर्री से बिल्हा, कडरी से सल्खा सड़क का निर्माण जारी है। रतनपुर से कोटा होते हुए लोरमी वाली सड़क का निर्माण पूर्णता की ओर है।

### निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

अठारह नई सड़कों के टेंडर प्रक्रिया में हैं। कुछ के निर्माण जारी हैं व दो सड़कों की तकनीकी स्वीकृति ली जा रही है। बहुत जल्द स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण प्रारंभ कर लिया जाएगा।

-सीएस विंध्यराज,
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

### दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत

- घायल अस्पताल में भर्ती

**बिलासपुर।** बीती रात दो बाइकों के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि 1 दिसंबर की रात 10.30 बजे बैमा नगोई निवासी अश्वनी सूर्यवंशी पिता राधेहरि सूर्यवंशी 25 साल बाइक में सवार होकर जा रहे थे। खमतराई अटल चौक के आगे सामने से आ रहे खमतराई निवासी अशोक सूर्यवंशी पिता पुन्नीराम सूर्यवंशी 40 साल ने तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दिया। हादसे में अश्वनी सूर्यवंशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अशोक सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। 2 दिसंबर को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### खेलते-खेलते कुए में गिरने से दो मासूम की गई जान

**जांजगीर-चांपा।** खेलते खेलते कुए में गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों चचेरी बहन हैं, जो बाड़ी के खुले कुए में गिर गई। परिजनों ने बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरो ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनाई की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कनाई में छत्रप्रकाश दरवेश और उसके भाई चंद्रप्रकाश दरवेश का परिवार रहता है। मंगलवार 2 दिसम्बर की शाम छत्रप्रकाश की बेटी 5 वर्षीय अस्मिता और चंद्रप्रकाश की बेटी 4 वर्षीय प्रिंसीघर के पास ही खेल रही थी। इधर परिवार के अन्य सदस्य अपने अपने काम में व्यस्त थे। शाम ढलने के बाद घरवालों को दोनों बच्चियां नजर नहीं आई तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान घर के पीछे बाड़ी के खुले कुए में दोनों बच्चियां मिली। आनन फानन में दोनों को कुए से बाहर निकाला गया। परिजन दोनों बच्चों को लेकर जिला अस्पताल जांजगीर पहुंचे। जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने अस्मिता दरवेश और प्रिंसी दरवेश को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली जांजगीर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि खेलते खेलते अस्मिता दरवेश और प्रिंसी दरवेश घर की बाड़ी के खुले कुए में गिर गई। अस्मिता और प्रिंसी चचेरी बहन थी। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## लावारिस हालत में जब्त की गई 2 लाख की सागौन, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस हालत में दो लाख की सागौन जब्त की है, जो स्कार्पियो में लोड की गई थी। सागौन लोड गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसपर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में देर रात गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी



से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी। कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की। वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक शिव कुमार पैकरा, वन रक्षक संतकुमार वाकर, पंकज साहू, सोमप्रकाश जयसिंधु, वाहन चालक संतोष श्रीवास, चौकीदार ओम प्रकाश पांडेय, रामफल गोड़, देवलाल पाव सहित अन्य स्टाफ शामिल थे।

**सुशासन तिहार के तहत लोक निर्माण विभाग से की गई थी मांग**

# जर्जर सड़क मरम्मत के नाम पर चढ़ा रहे डामर की पतली परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खोरसी

पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव को जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क मार्ग की हालत इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क अब खड्डों और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं सड़क मरम्मत के नाम पर डामर की पतली परत चढ़ाया जा रहा है। जिससे सड़क मरम्मत की



गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे है। गौरतलब है कि देवरी मोड से तनौद भुईगांव को जोडने वाली सड़क की हालतर अत्यंत खराब हो चुकी है। जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का उपयोग रोजाना हजारों ग्रामीण करते हैं, जो कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए शिवरीनारायण व भुईगांव और आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। जनप्रतिनिधियों को भी बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार देवरी मोड़ से तनौद, भुईगांव तक डामर के परत डाल कर खाना पुर्ति कर रहे हैं। हाईवा जैसे बड़े वाहन चलने पर धुल में समा जाते हैं। इस पूरे मसले पर जब पीडब्लयूडी के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बजट की कमी और प्रक्रियागत अड़चनों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया।

## सगाई के दिन शराब पीकर आया दूल्हा, दुल्हन ने तोड़ी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दूल्हे ने दी जान से मारने की धमकी: जुर्म दर्ज

सगाई के दिन दुल्हा शराब पीकर आया और ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा था। उसकी हालत देखकर दुल्हन ने तत्काल शादी तोड़ दी। इससे नाराज दुल्हे ने दुल्हन व उसके भाई के साथ गाली गलौज कर धमकी दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि ओडिशा में रहने वाली एक युवती प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। उनकी ओडिशा बंधबाहाल निवासी किशन सिंह पिता स्व. राकेश सिंह से विगत 11 साल से जान पहचान थी। परिजन ने शादी करने के लिए सहमति भी दी थी। शिक्षिका के बड़े पिता बिलासपुर में रहते हैं। इसी कारण शादी का कार्यक्रम बिलासपुर में होना तय हुआ था। 26 नवंबर को सगाई व 27 नवंबर को शादी करने का कार्यक्रम था। सगाई व शादी की पूरी तैयारी अशोक वाटिका मैरिज रिसार्ट बिरकोना में होना तय किया गया। 26 नवंबर को सगाई के लिए दुल्हा पक्ष दोपहर में आना वाला था। दुल्हन पक्ष ने सगाई की पूरी तैयारी कर ली थी और दुल्हा पक्ष के आने का इंतजार कर रहे थे। दुल्हा पक्ष रात 9.30 बजे के बाद पहुंचा। इसी दौरान देखा गया कि होने वाला दुल्हा शराब के नशे में था। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा था। उसकी स्थिति को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे दिन सुबह अस्पताल से छुट्टी होकर घर पहुंचा तो दुल्हन व उसके परिवार वालों ने शराबी होने का हवाला देते हुए शादी से इनकार कर दिया। इस पर युवक किशन सिंह ने होने वाली दुल्हन व उनके पिता, मां, बड़े पिता के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### मैनपाट में दो घरों से 130 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की संयुक्त टीम ने मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर एवं कमलेश्वरपुर में छापामार कार्रवाई करते हुए दो घरों में अवैध रूप से भण्डारित 130 बोरी धान जब्त किया है। सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से कोचियों एवं व्यवसाइयों ने जगह-जगह अवैध धान भण्डारित किया है। प्रशासन की अलग-अलग टीम को कोचिये द्वारा भंडारित अवैध धान को जब्त कर रही है। अपने घरों में अवैध धान भंडारित करने की सूचना पर सोमवार को टीम ने सपनादर निवासी गुलाब यादव एवं कमलेश्वरपुर निवासी श्यामा यादव के घर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गुलाब यादव के घर से 70 बोरी एवं श्यामा यादव के घर से 60 बोरी कुल 130 अवैध धान जब्त किया गया। जब्त धान का वजन 49 क्विंटल है। संयुक्त टीम ने 10 प्रकरणों में अब तक 1335 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम दिवारपुर गोढ़ीकला भारामुड़ा निवासी दश कुवंर पति युवराज (30 वर्ष) 30 नवम्बर को घर में अकेली थी जबकि पति काम पर तो सास ससुर धान काटने गए थे। इसी दौरान महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पति ने पत्नी पर धारदार खुखरी से किया जानलेवा हमला


**अम्बिकापुर।** पति द्वारा घर से भगाने तथा पत्नी के घर छोड़ कर नहीं जाने पर पति ने धारदार खुखरी से पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोधनपुर वसुंधरा विहार कॉलोनी निवासी सुशीला पाल पति संजीत पाल ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 नवम्बर की शाम घर में थी तभी पति संजीत पाल घर पहुंचा और पत्नी को घर से भगाने लगा। जिस पर पत्नी ने घर से जाने से इंकार कर दी। पत्नी के घर छोड़ कर नहीं जाने पर पति ने अपने पास रखे धारदार नेपाली खुखरी से पत्नी के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़िता ने पुत्र ने साथ घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जिले के 192 पंचायत और 3 नपं बाल विवाह मुक्त घोषित

**सूरजपुर।** जिले में 480 ग्राम पंचायत में से 192 ग्राम पंचायत एवं 3 नगर पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। इस प्रक्रिया में ग्राम सभा का प्रस्ताव, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, पंचायत का प्रमाण पत्र, क्षेत्र के पर्यवेक्षक का अनुमोदन के पश्चात कलेक्टर द्वारा मुक्त ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ को 2029 तक बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने के तरफ यह पहला कदम है।

## निधन

### कुंजल सिंह उइके



**कोरबा।** पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र एवं मरवाही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामदयाल उइके के पिता कुंजल सिंह उइके उम्र 93 वर्ष का 2 दिसंबर को सिम्स अस्पताल बिलासपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 3 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे गृह ग्राम बोकरामुड़ा-बस्तीबगरा (गौरेला पेंड्रा मरवाही) के पारिवारिक मुक्तिधाम में सम्पन्न होगा।

## शासन ने जारी की है किराये के लिए गाइडलाइन

# भाड़ा नियंत्रण अधिकारी से अनुमति के बाद ही निजी भवन में चल सकेंगे सरकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी विभागों के निजी भवन में संचालित होने के लिए राज्य सरकार के

**खास बात**

- राज्य बनने के बाद भी मिले नहीं विभागों को सरकारी भवन

द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत भाड़ा नियंत्रण अधिकारी (एसडीएम) से अनुमति के बाद ही निर्धारित किराया पर ही संचालन किया जा सकता है। जिले में ऐसे भी सरकारी विभाग हैं जो बाजार दर पर निजी भवन किराये में लेकर संचालित हो रहे हैं। ऐसे दफ्तरों को राज्य बनने के बाद भी भवन उपलब्ध नहीं हो सका है।

**आईटीआई के बिल्डिंग में चल रहे सरकारी विभाग**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर के लिए उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा संस्थान के पीछे रिक्त पड़ी भूमि में दो मंजिला नई बिल्डिंग बनाई गई है। उक्त बिल्डिंग में विपणन विभाग कार्यालय, समग्र शिक्षा विभाग, अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण जैसे बड़े विभाग चल रहे हैं। आईटीआई के प्राचार्य के द्वारा इन विभागों को बिल्डिंग खाली करने के लिए नोटिस भी जारी की जा चुकी है। आईटीआई पुराने भवन में ही संचालित हो रहा है।

**जमीन का आबंटन लेकिन भवन का निर्माण नहीं**

जिन सरकारी दफ्तरों के पास स्वयं का भवन नहीं है उनके भवन निर्माण के लिए प्रशासन की ओर से जंगल खटाल में जमीन का आबंटन भी किया गया है किंतु उन विभागों के द्वारा आबंटित जमीन में अब तक अपने कार्यालय के लिए भवन का निर्माण शुरु भी नहीं किया गया है। इनमे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भी शामिल है। जिन्हे जंगल खटाल में जमीन का आबंटन किया गया है।

सरकारी विभागों को भवन नहीं मिलने के कारण निजी भवन में संचालन की मजबूरी बनी हुई है या फिर किसी अन्य भवन में व्यवस्था के तहत संचालित होना पड़ रहा है। भाड़ा नियंत्रण अधिकारी के अनुमति के बगैर कोई भी सरकारी विभाग निजी भवन में संचालित नहीं हो सकता। उसके लिए जारी गाइड लाइन के तहत किराया भी निर्धारित किया गया है। जिले में जिला आयुर्वेद कार्यालय के अलावा महिला बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना कार्यालय के साथ बीज विकास निगम का दफ्तर शामिल है। वहीं जिला सहकारी बैंक कार्यालय भी निजी भवन में ही संचालित हो रहा है। ऐसे बड़े दफ्तरों को सरकारी भवन नहीं मिलने के कारण बाजार दर पर किराये में निजी भवन लेकर दफ्तर का संचालन करने वाले अधिकारी भवन के किराये में ही खेल कर रहे हैं। इससे प्रतिवर्ष सरकार को राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ऐसे विभागों को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी नया भवन नहीं मिल पाया है।

# पेड़ की डगाल काटने चढ़ा था मजदूर करंट की चपेट में आने से मौत



वह पेड़ जिसकी डगाल काट रहा था मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरदा मोड़ के पास सोमवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई है। वनविभाग की भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान पेड़ की डाल को काटते समय बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान छुरी निवासी लक्की चौहान के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अरदा मोड़ के पास वनभूमि पर एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था, जहां लक्की चौहान मजदूरी कर रहा था। पेड़ की ऊँची डाल काटने के लिए वह पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और पेड़ से नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तीव्र गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित मामलों का समय पर निराकरण राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता और सुगमता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बैठक में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अविवादित नामांतरण के लंबित आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिया कि सभी तहसीलदार आगामी 15 दिनों के भीतर विशेष प्रयास कर प्रगति सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वसंत ने नक्शा बटांकन और अविवादित बंटवारा से संबंधित प्रकरणों में भी पर्याप्त प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि 3 से 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए, ताकि नागरिकों को समयबद्ध समाधान उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने मसाहती ग्रामों के सर्वे एवं नक्शा प्रकाशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि नक्शा प्रकाशन के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने भू अभिलेख से संबंधित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने और अद्यतन अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने भू अर्जन, व्यपवर्तन, त्रुटि सुधार, डिजिटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सीडिंग, स्वामित्व योजना तथा वन अधिकार पट्टा वितरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की।

# अवैध रेत परिवहन पर पाली तहसील प्रशासन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई। तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी एवं नायब तहसीलदार पाली सुश्री राशिका अग्रवाल के नेतृत्व में हल्का पटवारी तथा राजस्व विभाग की टीम ने गौण खनिज (रेत) का अवैध परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर पकड़कर थाना प्रभारी पाली के सुपुर्द किया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि सभी वाहनों में बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन किया जा रहा था। इसी प्रकार पिछले सप्ताह भी बिना वैध दस्तावेजों एवं बिना रॉयल्टी के रेत परिवहन करने पर 6 ट्रैक्टरों की जब्ती कर उन्हें थाना प्रभारी पाली को जांच हेतु सुपुर्द किया गया था। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी सतत जारी रहेगी।



जप्त ट्रेक्टरों के साथ राजस्व अधिकारी।

**पाली में 6 सौ क्विंटल अवैध धान जब्त**

पाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादन स्थित शुभम अग्रवाल के दुकान एवं गोदाम में संयुक्त रूप से दबिश दी गई। इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुश्री राशिका अग्रवाल, हल्का पटवारी, खाद्य निरीक्षक रविराज पाली और मंडी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व आकाश भारद्वाज कटघोरा उपस्थित रहे। तहसीलदार पाली एवं राजस्व टीम द्वारा मादन स्थित गोदाम एवं दुकान से कुल 1500 बोरी (लगभग 600 क्विंटल) धान जब्त किया गया। गोदाम क्रमांक 1 एवं 2 से कुल 520 क्विंटल पतला धान और 80 क्विंटल मोटा धान जब्त कर सील किया गया तथा सुपुर्दगी शुभम अग्रवाल को दी गई। उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, पाली तहसील में पहले ही 1011 क्विंटल अवैध धान जब्ती की जा चुकी है।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्तजनों का लग रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कथावाचक

हरदीबाजार बस्ती रोड मथुरा यशोदा शांता कृपा एम आर ब्रदर्स भवन में क्षेत्र एवं घर परिवार के सुख शांति कामना को लेकर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हरदीबाजार में 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक हो रहा है कथा वाचिका देवी प्रतिमा तिवारी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के द्वारा रोजाना दोपहर 3 बजे से प्रभु इच्छा तक भक्तजनों को भगवान श्री विष्णु की संगीतमय कथा का रसपान कराया जा रहा है।

कथा के तीसरे दिन जड़ भरत चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र कथा रसपान कराया। कथा में देवी प्रतिमा तिवारी ने कहा कि हर एक व्यक्ति के जीवन में दुख के साथ सुख आता है। दोनों सगे भाई हैं जो जीवन में एक दूसरे के उतार चढ़ाव रहता है। भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु के हरे कृष्णा हरे राम के नाम जपता रहा जो कि राजा हिरण्य कश्यप के द्वारा अपनी पुत्र को मृत्युदंड दिए लेकिन प्रभु श्री कृष्ण की कृपा से सभी जगह सुरक्षित बचकर निकल गया था भगवान श्री कृष्ण नाम शब्द से ही तन मन को शांति मिलती है इसी तरह महाभारत में जब द्रोपदी का चीर हरण हो रहा था तब दोनों हाथों को उठा कर भगवान श्री कृष्ण को पुकारा ,राजा मनु श्री कृष्ण जी के शरण मे जा कर धन्य हो गया। इसी तरह भक्तों को रसपान कराया गया कि जहां प्रभु के नाम आए भगवान श्री कृष्ण जी के शरण में दोनों हाथ उठाकर उनके शरण में जाने से पूरे कुल का जन्म जन्मांतर तक पुण्य को प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त करता है कहा जाए जो व्यक्ति भगवान विष्णु जी के शरण में जाता है उसका सभी पापों का नष्ट हो जाता है। कार्यक्रम में खैबर सिंह राठौर, खेमिन राठौर, नरेश कुमार, मीना राठौर मुख्य यजमान, मनोज कुमार संतोषी राठौर, राजेश संतोषी राठौर, सतीष, पालेश्वर, निलेश, रीता राठौर, सत्यवती दिव्या उपासना, शिवम्, हेमंत, वंश राठौर, जयसिंह राठौर, चिंताराम राठौर, हरिराम अग्रवाल, गया प्रसाद, हरनारायण राठौर, चुलेश्वर राठौर, जगदीश अग्रवाल, बाबूराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर, गोविंद राठौर, रामबिहारी राठौर, प्यारे पटेल सहित भक्तजनों ने गंगा रूपी भागवत कथा का रसपान किया।



कथा सुनने पहुंचे नागरिक।

# मानव सेवा मिशन ने पहाड़ी कोरवा परिवारों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में जारी कड़ाके की ठंड के बीच मानव सेवा मिशन द्वारा जरूरतमंदों के लिए चलाया जा रहा कंबल वितरण अभियान जनसहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल बन गया है। संस्था के सदस्य लगातार शहर के बेघर, बेसहारा और घुमंतु लोगों के साथ-साथ दूरस्थ वनांचलों में निवासरत पहाड़ी कोरवा समुदाय तक पहुंचकर उन्हें ठंड से बचाव हेतु कंबल उपलब्ध करा रहे हैं।

अभियान के तीसरे चरण में संस्था के सदस्यों ने सतरेंगा रोड के पहाड़ी कोरवा ग्राम टोंकाभांटा और बाघमारा का भ्रमण कर सभी परिवारों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और लगातार छह वर्षों से जारी इस मानवीय पहल के लिए संस्था एवं इसके सदस्यों का आभार जताया। मानव सेवा मिशन बालकोनगर का यह प्रयास बताता है कि सेवा का सर्वोच्च रूप वही है, जो जरूरत के क्षण में किसी तक पहुंचे। भीषण ठंड में कंबल देने का अर्थ मात्र वस्त्र प्रदान करना नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति को नई ऊर्जा, सुरक्षा और आश्वासन देना है। संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों से अकेले न जूझे और मानवता की रोशनी समाज में निरंतर चमकती रहे। अपने निरंतर जनसेवा कार्यों के कारण मानव सेवा मिशन ने न केवल जिले में, बल्कि पूरे प्रदेश में संवेदनशील सामाजिक संगठन के रूप में एक अलग पहचान स्थापित की है। इस चरण के सेवा अभियान में केशव चन्द्रा, अमर पटेल, संजय विजयवर्गीय, अशोक पटेल, मनोज सिंह, योगेश पटेल, लिलेश्वर शर्मा, पीतमलाल सोमनकर, दीप बनर्जी, राम सहाय पटेल सहित महिला सदस्य माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, सुषमा सिंह, स्मिता पटेल, सुमन बनर्जी सहित बच्चों प्राजक्ता, छायांक, अनन्या, दिव्यांशु, श्रेयस, निशांक, पारुल, आरवी और अबीर की सक्रिय उपस्थिति रही।

# सागबाड़ी प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों से बदल रही शिक्षा की तस्वीर

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम सागबाड़ी में वर्षों से प्राथमिक शाला संचालित है। यह स्कूल गांव के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रमुख आधार रहा है। लंबे समय तक यहां केवल एक शिक्षक के भरोसे ही विद्यालय चलता था। एकमात्र शिक्षक होने के कारण विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती थी और कई बार अलग-अलग कक्षाओं के लिए बच्चों को शिक्षक का इंतजार भी करना पड़ता था। विद्यालय में प्रधानपाठक के रूप में राम सिंह लम्बे समय से सेवारत हैं। उनके लिए अकेले सभी कक्षाओं को पढ़ाना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि एकमात्र शिक्षक होने की स्थिति में उन्हें कई शैक्षणिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों को रिक्त पदों वाले विद्यालयों में पदस्थापित किए जाने की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया अपनाई गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विभाग को बिना...

जिला शिक्षा विभाग ने स्थितियों के देखते हुए सभी शासकीय और निजी स्कूलों के प्राचार्यों को भ्रमण पर ले जाने के लिए विभाग से अनुमति लेने के निर्देश दिए हैं। हालांकि ये नियम पूर्व से ही लागू थे लेकिन विभागीय अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया था। परिणाम स्वरुप विकासखंड स्तर पर चलने वाले छोटे बड़े निजी स्कूल यहां तक कि कुछ सरकारी स्कूल बिना अनुमति ही छात्रों को पिकनिक पर ले जाने लगे थे। इस वर्ष अनुमति के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। अनुमति के लिए संस्था के द्वारा भ्रमण पर जाने वाले स्थल का नाम, जिला मुख्यालय से दूरी एवं वाहन का नंबर अनुमति के पत्र पर उल्लेखित करना जरुरी किया गया है।

### एपजीडी नियम में...

व्यापक विचार-विमर्श और कई स्वतंत्र अध्ययनों के बाद अंतिम रूप दिया गया है। यह निर्णय आईआईटी दिल्ली, सीएसआईआर-नीरी और राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान (एनआईएएस) द्वारा किए गए कई अध्ययनों के बाद लिया गया है, जिसमें पाया गया कि भारत के अधिकांश हिस्सों में परिवेशी सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) के अनुरूप है। भारतीय कोयले में आमतौर पर सल्फर की मात्रा 0.5 प्रतिशत से कम होती है, तथा उच्च स्टैक ऊंचाई और अनुकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण सल्फर डाईऑक्साइड का फैलाव कुशल होता है। उद्योग अधिकारियों ने कहा कि इन आसान मानदंडों से बिजली की लागत में 25-30 पैसे प्रति यूनिट की कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह लाभ अंततः उपभोक्ताओं को मिलेगा। अनिवार्य एफजीडी रेट्रोफिटिंग का वित्तीय बोझ पहले 2.5 लाख करोड़ रुपये या 1.2 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट से अधिक होने का अनुमान लगाया गया था, जिसकी स्थापना समय-सीमा प्रति यूनिट 45 दिनों तक थी।

### पीएम आवास के...

कलेक्टर ने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से जब्त धान की सुपुर्दगी के बाद उसकी पुनः रिसाइक्लिंग कर उपार्जन केंद्रों में विक्रय न हो सके, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान का समय पर उठाव, किसानों के फोटो को ऐप में अपलोड करने, सभी सीसीटीवी को क्रियाशील रखने और पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक वंचित किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बिना नंबर वाले वाहनों पर परिवहन विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश भी एसडीएम को दिए गए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ को निर्देशित किया कि इस वर्ष आंगनबाड़ी से विद्यालय प्रवेश हेतु जाने वाले बच्चों की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने फरवरी माह तक इन बच्चों के जाति प्रमाणपत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## सामुदायिक विकास परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम

# बालको ने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने अपनी सामुदायिक विकास परियोजना आरोग्य के अंतर्गत दो दिवसीय युवा नेतृत्व एवं विकास मॉडल प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवाओं को समुदाय में जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय स्वास्थ्य लीडर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको का विश्वास है कि जागरूक और सशक्त युवा ही स्वस्थ समुदाय की नींव होते हैं। दो दिनों के प्रशिक्षण में युवाओं ने स्वास्थ्य, नेतृत्व और जिम्मेदारी से जुड़े मूल्यवान ज्ञान को सीखा। सरकारी विभागों और हमारे भागीदारों का सहयोग इस पहल को और मजबूत बनाता है। मुझे भरोसा है कि ये युवा अपने परिवार और समुदाय में जागरूकता फैलाकर सकारात्मक बदलाव लाएँगे। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में 80 से अधिक युवाओं को नेतृत्व विकास की विभिन्न अवधारणाओं से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में आत्म-जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास, भावनात्मक एवं तनाव प्रबंधन, प्रभावी संप्रेषण कौशल, समस्या-समाधान और निर्णय क्षमता, एचआईवी/एड्स एवं ट्यूबरक्लोसिस की रोकथाम, लक्षण पहचान और सामाजिक कलंक का उन्मूलन शामिल थे। युवाओं को यौन स्वास्थ्य, सुरक्षित संबंधों और उसके रोकथाम उपायों के संबंधित प्रमाणिक जानकारी से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरकारी स्वास्थ्य विभागों के प्रमुख अधिकारी, डॉ. रविकांत सिंह राठौर, बीआर रात्रे और वीना मिस्त्री ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बालको एवं स्रोत (एनजीओ पार्टनर) तथा सरकारी स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भागीदारी ने प्रशासन एवं बालको सामुदायिक विकास के सहयोगी स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने का संदेश दिया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक ने सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार और सामाजिक संदेशों को सरल भाषा में व्यक्त किया, जिससे सीख को व्यवहार में उतारना और समुदाय तक पहुँचाना आसान हुआ।



जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित युवा।

## खबर संक्षेप



### ज़मीन रजिस्ट्री दर में वृद्धि के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** प्रदेश में जमीन रजिस्ट्री के दर में वृद्धि के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में मंगलवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वृद्धि दर वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष श्री लोगन ने बताया कि प्रदेश सरकार के नीतियों से आम जनता बेहाल हो रही है, जमीन रजिस्ट्री की दर में भारी बढ़ोतरी से अब आम जनता को राहत देने के बजाय उनके उपर बोझ डालने का काम कर रही है, इस गंभीर मुद्दे को लेकर आदमी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेश भर में मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया। श्री लोगन ने बताया कि नई गाइडलाइन दरें आधिकारिक तौर पर 20 नवंबर से पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी हो गईं। जो विभिन्न क्षेत्रों में 20 से लेकर 100 प्रतिशत तक और कुछ ग्रामीण इलाकों में 10 गुना (या 900 प्रतिशत ) तक पहुंच गई है।

### संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में जिले से 27 हजार 960 परीक्षार्थी

**कोरबा।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीन शिक्षण संस्थान नई दिल्ली के पहल तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव को मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा 7 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से शायं 5 तक जिला के सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में आयोजित किया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी, साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला कोरबा श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में सचिवालय राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा 27960 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके विरुद्ध कोरबा विकासखंड को 5517, करतला को 6156, कटघोरा को 7106, पाली को 5657 एवं पोड़ी उपरोड़ा को 3524 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कराने का लक्ष्य दिया गया है। तत्संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली गई हैं।

### छग श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष के जिला प्रवास पर संघ ने जगह जगह किया स्वागत



**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व महामंत्री, पूर्व संगठन मंत्री एवं वर्तमान में श्रम कल्याण मंडल राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र दत्त मिश्रा के कोरबा प्रवास पर भारतीय मजदूर संघ जिला कोरबा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के द्वारा जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम बिलासपुर से कोरबा आते समय एनटीपीसी बीएमएस कार्यालय में एनटीपीसी एवं बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ पश्चिम के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार सुभाष चौक निहारिका में बालको, एसईसीएल, बिजली कोरबा पूर्व एवं बिजली वितरण के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम किया गया। वहीं कोरबा से अंबिकापुर जाते वक्त कटघोरा में निर्माण मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न श्रम योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शासन के विभिन्न श्रम योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के श्रमिकों को मिले, यही शासन का प्रयास है। उन्होंने सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में विभागीय बैठक कर श्रम कल्याण मंडल के योजनाओं के स्थापाना के संबंध में समीक्षा किया गया। इस दौरान सुरेंद्र राठौर, महेंद्र ठाकुर, केदार राठौर ओमप्रकाश सिंह, केएन पटेल, अजय मिश्रा, रंजय सिंह, दादू लाल राठौर, देवेंद्र द्विवेदी, शरद नायर, संदीप राठौर, यशवंत राठौर उपस्थित रहे।

### पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम था शामिल

# तीन माह से जल जीवन मिशन का आठ ठेकेदारों ने काम किया ठप, मिलेगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन के पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य बीते 3 माह से ठप होने के मामले को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 8 ठेकेदारों को नोटिस जारी कर रहा है। जिनके द्वारा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश के बाद भी कार्य शुरु नहीं किया है। जल जीवन मिशन के कार्य को लेकर प्रदेश स्तर की समीक्षा बैठक भी हुई है।

**खास बात**

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने काम शुरू करने के लिए जारी किए थे निर्देश

जल जीवन मिशन पार्ट 01 के बाद जल्द ही पार्ट 02 की शुरुआत होगी। हालांकि इसकी गाइडलाइन अभी नहीं आयी है। इसके मद्देनजर पार्ट 01 के कार्य को लेकर पीएचई विभाग शीघ्र पूरा करने की योजना पर लगातार काम कर रहा है लेकिन उसके इस रास्ते में ठेकेदार रोड़ा बनकर सामने आ रहे हैं जो विभाग के निर्देश के बाद भी काम शुरु नहीं कर रहे हैं। बीते 3 माह से ग्रामीण अंचलों में पानी टंकी बनाने से लेकर पाइप लाइन बिछाने का कार्य बंद पड़ा हुआ है। ऐसे 15 क्षेत्र है जहां जल जीवन मिशन के बड़े ठेकेदार शामिल हैं। इन ठेकेदारों के द्वारा काम लेने के बाद भी कार्य की प्रगति में रुचि नहीं ली गई। पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा प्रदेश स्तर में हुई थी जिसमें विभागीय कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के बाद विभाग ने ऐसे ठेकेदारों को निशाने में लिया है जिनके द्वारा काम पूरा करने में लापरवाही बरती जा रही है। दोनों काम 3 माह से बंद पड़े हैं। पीएचई विभाग ने काम बंद होने के मामले को लेकर ऐसे ठेकेदारों को नोटिस जारी करने की तैयारी की है। जिनमें 8



**काम बंद के मामले में जारी करेंगे नोटिस**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य ठेकेदारों को दिया गया था जिनमें 8 ठेकेदारों को कार्य पूरा नहीं करने के मामले में नोटिस जारी की जा रही है। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**-रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई

**दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में पिछड़े हैं काम**

पीएचई विभाग के जल जीवन मिशन के ग्रामीण अंचलों में कार्य पिछड़े हुए हैं। ठेकेदारों के द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों का काम ले तो लिया जाता है किंतु उस तेजी से काम नहीं हो पाता। साथ ही विकासखंड स्तर के अधिकारियों के द्वारा भी सतत निरीक्षण नहीं करने का खामियाजा ग्रामीण जनता के साथ विभाग के शीर्ष अधिकारियों को भुगतना पड़ता है। जिन ठेकेदारों को नोटिस जारी की जाएगी उनमें से कई ठेकेदारों ने पाइप लाइन बिछाने का काम लेने के बाद भी शुरु नहीं किया है। ऐसे ठेकेदारों के कार्य आने वाले समय में निरस्त भी किए जाएंगे और अमानत राशि भी जप्त कर ली जाएगी।

**शहर से लगे ग्रामों में तेजी**

शहर से लगे हुए भुलसीडीह, रजगामार, नकटीखार आदि ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी देखी गई है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जाने वाला लगातार दौरा प्रमुख कारण रहा है। जिनके कार्य पूरे हो चुके हैं। विभाग के पूर्व अधिकारियों ने भी केवल शहर से लगे गांव में ही कार्य को पूरा करने में ध्यान केंद्रित किया था। ग्रामीण अंचलों के कार्यों को लेकर केवल निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। कार्यों की पूर्णता को लेकर गंभीरता नहीं बरती गई।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को एड्स के प्रति किया जागरुक



जागरुकता कार्यक्रम चलाते स्कूल के छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी/एड्स जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय परिसर व मुख्य मार्ग पर आयोजित इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों ने आमजन को एड्स से बचाव, इसके लक्षण एवं संक्रमण के तरीकों के बारे में सरल भाषा और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। यदि समाज सतर्क और शिक्षित होगा तो संक्रमण को रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद हेल्थ केयर ट्रेड के छात्रों ने आकर्षक और सार्थक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें एड्स के फैलने के कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियाँ तथा इसके बचाव के सुरक्षित तरीकों को प्रभावशाली संवादों और अभिनय के माध्यम से प्रदर्शित किया। दर्शकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की जमकर सराहना की और उन्हें जागरूकता अभियान का 'युवा दूत' बताया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, अभिभावक तथा स्थानीयजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की पहल को सराहा और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से युवाओं में जागरूकता बढ़ती है, जो भविष्य में समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हेल्थ केयर विभाग की प्रभारी ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि एड्स से डरें नहीं, बल्कि जागरूक बनें। सुरक्षित व्यवहार अपनाएं और समाज में सही जानकारी फैलाकर इस बीमारी की रोकथाम में अपनी भूमिका निभाएं।

## सेंटर प्वाइंट होटल में गंदगी, निगम ने ठोंका 20 हजार का अर्थदण्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं उनकी टीम ने टीपी नगर स्थित होटल सेंटर प्वाइंट का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां गंदगी व साफ-सफाई का अभाव, अपशिष्ट का गलत डिस्पोजल, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं कचरे को जलाने सहित अन्य व्याप्त अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए होटल पर 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया। साथ ही प्रबंधन को कड़ी हिदायत दी कि वे तीन दिवस के अंदर व्यवस्थाओं को सुधार लें अन्यथा बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि मंगलवार को होटल सेंटर प्वाइंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। होटल में लाजिंग, बोर्डिंग के अतिरिक्त विवाह शादी समारोह आदि के भी आयोजन होते हैं, किन्तु इसकी पूर्व सूचना निगम को नहीं दी जाती है, उन्होंने बताया कि होटल से उत्सर्जित अपशिष्ट नाली में बहा दिया जाता है, साथ ही होटल के भीतरी परिसर में साफ-सफाई का अभाव है, उत्सर्जित कचरे को जलाया जाता है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन हैं, इसके साथ ही होटल में आयोजित विभिन्न समारोह में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग भी किया जा रहा है, उपयोग के पश्चात प्लास्टिक अपशिष्ट का ढेर भी निरीक्षण के दौरान पाया गया। डॉ.तिवारी ने बताया कि होटल के सीवर पाईप का आउटलेट बाहर खुले में है, जिससे गंदगी फैल रही है। नियमों के उल्लंघन, होटल में गंदगी व साफ-सफाई के अभाव को देखते हुए निगम द्वारा होटल प्रबंधन पर 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। साथ ही प्रबंधन को सख्त हिदायत दी गई है कि वे तीन दिवस के अंदर व्यवस्थाओं को सुधारें, अन्यथा लगातार कार्यवाही की जाएगी। होटल, रेस्टोरेंट, शादी घर, आयोजन स्थल आदि के संचालकों, आयोजकों सहित जनसामान्य से भी अपील की है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग कदापि न करें, निगम आयुक्त ने कहा है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एक ओर जहां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं पर्यावरण पर गंभीर प्रतिकुल प्रभाव डालता है, साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट मवेशियों के लिए अत्यंत घातक व कभी-कभी जानलेवा भी सिद्ध होता है।

**आयोजन के पूर्व निगम को दें सूचना**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में स्थित शादी विवाह घरों सामाजिक भवनों तथा अन्य ऐसे सभी स्थलों जहां पर शादी विवाह, सगाई, बर्थडे सहित अन्य विविध आयोजन व कार्यक्रम होते हैं, उनके संचालकों, आयोजकों से अपील की है कि वे आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों व आयोजनों की पूर्व सूचना नगर निगम के स्वच्छता विभाग को दें, ताकि निर्धारित शुल्क के आधार पर आयोजन स्थल से अपशिष्ट के उठाव, परिवहन व कचरे के प्रबंधन का कार्य निगम द्वारा किया जा सके। उन्होने कहा है कि आयोजन स्थलों से उत्सर्जित अपशिष्ट का उचित प्रबंधन न करने एवं गंदगी फैलाने पर निगम द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

## आश्वासन के बाद भूविस्थापित महिलाओं का अनिश्चितकालीन आंदोलन स्थगित



धरने में बैठी भूविस्थापित महिलाओं को समझाते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोजगार, पुनर्वास और बसाहट सहित अन्य मांगों को लेकर

**खास बात**

- गिरफ्तार कर भूविस्थापित महिलाओं को तहसील कार्यालय में किया गया पेश

कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर धरना प्रदर्शन कर रहे भूविस्थापितों ने अपना अनिश्चितकालीन आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया है। पुलिस ने आंदोलन महिलाओं को गिरफ्तार दर्री तहसील में पेश किया जहां चर्चा के बाद तहसीलदार ने मांगों को लेकर एक माह के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपनी पुश्तैनी ज़मीन कोयला खदानों को देने वाली विस्थापित महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन को प्रबंधन और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद फिलहाल एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। आंदोलन के दूसरे दिन कुसमुंडा प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन ने भूविस्थापित महिलाएं गोमती केवट सरिता इंद्रा को गिरफ्तार कर दर्री तहसील में पेश किया। आंदोलन से घबराए एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन ने दमनकारी कार्यवाही करते हुए महिलाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जिन किसानों की ज़मीन से आज देश और राज्य को रोशनी मिल रही है और सबसे ज़्यादा राजस्व प्राप्त हो रहा है उन्हीं भूविस्थापित महिलाओं पर इस प्रकार की कार्यवाही चिंतनीय विषय है। दर्री तहसील में तहसीलदार ने आंदोलनकारी महिलाओं को ठोस आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर भूविस्थापितों के रोज़गार, बसाहट, पुनर्वास और अन्य समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा इस आश्वासन के बाद महिला नेताओं को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। भूविस्थापित महिलाओं ने प्रशासन से अपील की है कि वे अपनी निर्दय व बेरहम छवि को छोड़कर जिनके त्याग पर यह क्षेत्र प्रगति कर रहा है उनके प्रति न्यायपूर्ण रवैया अपनाएँ और तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान करें।

**झूठा आश्वासन साबित न हो**

गिरफ्तार हुईं गोमती केवट, सरिता इंद्रा सहित अन्य महिलाओं ने रिहा होने के बाद स्पष्ट किया कि यह आश्वासन केवल खानापूर्ति नहीं होना चाहिए उन्होंने तहसीलदार से साफ़ कहा कि अगर उनकी रोज़गार, पुनर्वास सहित अन्य माँगें एक महीने के भीतर पूरी नहीं हुईं और यह आश्वासन झूठा साबित हुआ, तो वे एक महीने के बाद फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

## पान दुकान में चोरी करने वाले तीन नाबालिगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पूर्व एक पान दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे सिगरेट गुटखा सहित हजारों का माल पार कर दिया था। इस चोरी के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सामानों को बरामद कर लिया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रसेन चौक के समीप हरीश सोनी द्वारा पान दुकान का संचालन किया जाता है। 29-30 की दरमियानी रात उसके पान दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे लगभग 30 हजार रुपए कीमती सिगरेट, गुटखा, कोलड्रींक सहित चॉकलेट सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। हरिश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम ने पंप हाउस मैग्जिनभाठा निवासी तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से पान दुकान से चोरी गई सामानों को बरामद कर लिया गया है और तीनों नाबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

### हाथ ठेला वालों की सड़क किनारे लग जाती है दुकानें, निगम के नोटिस के बाद भी नहीं हो रहा है असर

# शाम होते ही सीतामणी की चौड़ी सड़क हो जाती है सकरी, लग जाता है नॉनवेज मार्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के सीतामणी क्षेत्र की चौड़ी सड़कें जो दिन भर व्यस्ततम मार्ग के रुप में पहचाना जाता है लेकिन शाम होते ही अस्थायी हाथ ठेले वालों की वजह से चौड़ी सड़कें सकरी हो जाती हैं और नॉनवेज मार्केट लग जाता है। इससे शाम को शहर आने वाले यात्री बसों और अन्य वाहनों को जाम का सामना करना पड़ता है।

पुराना कोरबा से लेकर सीतामणी चौक तक डिवाइडर का निर्माण सुगम यातायात व्यवस्था के लिए निगम के द्वारा कराया गया है। पुराने बस स्टेंड में अवैध फल ठेलों को भी निगम के द्वारा हटाने की कार्यवाही कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया। पुराने कोरबा का सबसे भीड़ भाड़ वाला इलाका होने के कारण सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहनों का आवागमन लगा रहता है। बरबसपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को सीतामणी पहुंचते ही जाम का सामना करना पड़ता है। यहां सड़क के दोनों ओर अस्थायी हाथ ठेले व्यवसायियों के द्वारा दुकानें लगाए जाने की वजह से सीतामणी क्षेत्र की चौड़ी सड़कें सकरी होने लगती है। दुकानें डिवाइडर के दोनों ओर सड़क के किनारे लगाई जा रही है। शाम के समय स्थिति ये हो जाती है कि एक यात्री बस मुश्किल से गुजर पा रही है। इन हाथ ठेले व्यवसायियों में अधिकांश नॉनवेज का व्यवसाय कर रहे हैं जिसकी वजह से देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे आसपास के निवासियों को इनकी बेजा हरकतों का भी सामना करना पड़ रहा है।



सड़क किनारे लगे ठेले गुमटी।

**पूर्व में निगम की हुई थी कार्यवाही**

नगर निगम के द्वारा पिछले कुछ दिनों से सड़क के किनारे लगने वाले अवैध गुमटियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। आईटीआई चौक से लेकर कोसाबाड़ी, सुभाष चौक व घंटाघर, जैन मंदिर चौराहे में भी अवैध गुमटियों और दुकानों को हटाने की कार्यवाही लगातार हो रही है। इसी तरह की कार्यवाही सीतामणी क्षेत्र में भी निगम के द्वारा पूर्व में ताबड़तोड़ तरीके से की गई थी लेकिन क्षेत्र के नेतानुमा लोगों के द्वारा गाहे बगाहे ठेला हटाने की कार्यवाही का विरोध करते नजर आते हैं जिससे गुमटी वालों के क्षेत्र में हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
80 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411